52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.0 °c | अधिकतम 18.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:44 | वर्ष : 52/ अंक : 17 | शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

रिश्ते कभी अपने आप नहीं टूटते, अहंकार, अज्ञान और गलतफहमी उन्हें तोड़ देती है।

सपा सरकार आने पर अयोध्या को विश्वस्तरीय शहर बनाया जाएगा : अखिलेश यादव

और..... बाकी के उत्तर प्रदेश को ?.....

# हिन्दू युवती ने फैसल को बुलाया रेस्टोरेंट के बाहर, बजरंगदल भाईयों ने किया माकूल उपचार

## युवती ने इंस्टाग्राम पर मैसेज व रास्ते में छेड़छाड़ का लगाया आरोप, युवती के भाईयों व चाचा ने योजनाबद्ध तरीके से बुलाया सरकुलर रोड मौके पर पकड़ा

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** बुढ़ाना के रहने वाले फैसल का उस समय युवती के भाईयों व चाचा ने सरकुलर रोड पर भूत उतार दिया जब उक्त मुस्लिम युवक को युवती ने मिलने की बात कहकर एक रेस्टोरेंट के बाहर बुला लिया। दरअसल आनन्दपुरी निवासी एक युवती को मुजफ्फरनगर के एक कॉलेज में पढ़ने वाला और बुढ़ाना निवासी युवक फैसल लम्बे समय से इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था। युवती ने अपने घर- परिवार के चाचा व भाई को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी तो चाचा व भाईयों ने योजनाबद्ध ढंग से युवक को मिलने का प्रस्ताव रखा। युवक शानदार कपड़े पहनकर व आंखों पर चश्मा लगाकर सरकुलर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर पहुंचा तो युवती के चाचा व भाईयों ने उसे वहीं दबोच लिया। दबोचने के बाद परिजनों द्वारा बुढ़ाना निवासी फैसल को माकूल खुराक दी, जिसके बाद उक्त मामला थाने पहुंचा तो युवक को सिविल लाइन थाने लाया गया। बाद में थाने के बाहर मीडिया को दिये गये बयान में बताया कि हिन्दू युवती के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौजूद थे और

जब सरकुलर रोड पर मुस्लिम युवक फैसल को पकड़ा गया तो उसने अपने चार पांच दोस्तों को बुलाकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं व युवती के भाईयों से मारपीट की। बदले में स्वाभाविक रूप से उन्हें भी हाथापाई करनी पड़ी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके परिवार को इसकी सूचना दे दी। सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह का बताना है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है तथा इसके अन्य साथियों की तलाश भी की जा रही है।

### मुस्लिम युवकों द्वारा हिन्दू युवतियों को टारगेट बनाना शहर में कोई बड़ा बवाल न करा दे ?

**मुजफ्फरनगर।** चंद मुस्लिम युवक हिन्दू युवतियों से प्रेम सम्बंध बनाने के चक्कर में उनसे छेड़छाड़ करने में व उन्हें प्रपोज करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे में हिन्दू संगठनों का रोष भी लगातार बढ़ता जा रहा है। आज सरकुलर रोड पर हुई घटना ने यदि युवती के चाचा व भाई तथा हिन्दू संगठन उग्र हो जाते तो शायद युवक के साथ कुछ भी हो सकता था। ऐसा होने के बाद कहीं कवाल जैसे इतिहास दोबारा न दोहराए जाएं, इसलिए मुस्लिम समाज को ऐसे युवकों को संभालकर रखने की जरूरत है, क्योंकि वर्ष 2013 में हुए दंगों का आर्थिक व जान-माल के नुकसान की भरपाई होना अभी तक नामुमकिन है। सम्भवतः आर्थिक रूप से तो फिर भी भरपाई हो जाती है, मगर जिस घर का व्यक्ति जाता है, वह सिर्फ हाथ ही मलता रह जाता है और चंद असामाजिक तत्वों की गलती पूरा जिला भुगतता है। कवाल दंगे का मामला भी छेड़छाड़ प्रकरण से ही जुड़ा हुआ था, जिसने इतना बड़ा बवाल करा दिया था कि जनपद के हिन्दू हों या मुस्लिम दोनों ओर के लोगों को जान भी गंवानी पड़ी थी और माल का भी नुकसान भी झेलना पड़ा था। ऐसे में मुजफ्फरनगर जैसे जनपद में इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि इस प्रकार के असामाजिक तत्व आखिर किन क्रियाकलापों को अंजाम दे रहे हैं।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें... बृहस्पतिवार का जानिए कैसा रहा ट्रेनों का हाल...

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** बृहस्पतिवार को देर रात हुई झमाझम बारिश से पूरे दिन नमी दिखाई दी जिसके चलते ट्रेनों की स्थिति में थोड़ा बहुत सुधार देखने को मिला लेकिन सिर्फ थोड़ा बहुत क्योंकि बुधवार के मुकाबले बृहस्पतिवार को एका दुक्का ट्रेनों के अलावा ज्यादातर ट्रेन पहले की तरह लेट लतीफी का शिकार ही दिखाई दी। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना बृहस्पतिवार को भी करना पड़ा रहा। जिसमें स्टेशनों पर यात्री घंटों तक ट्रेनों का इंतजार करते नजर दिखाई दिए।

**प्रभावित ट्रेनों की सूची**

**गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर**

▶ 14681 जालंधर पचास मिनट लेट ▶ 18477 कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 01 घंटे 59 मिनट लेट ▶ 19325 इंदौर अमृतसर एक्सप्रेस 6 घंटा 15 मिनट लेट ▶ 19031 योग एक्सप्रेस 21 मिनट लेट ▶ 64559 दिल्ली सहारनपुर MEMU 2 घंटे 02 मिनट लेट ▶ 14303 दिल्ली हरिद्वार एक्सप्रेस 26 मिनट लेट ▶ 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 55 मिनट लेट

**मुजफ्फरनगर से गाजियाबाद**

▶ 22431 MCTM उधमपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे 11 मिनट लेट ▶ 14241 नौचंदी एक्सप्रेस 3 घंटे 16 मिनट लेट ▶ 20411 SAHARANPUR MEMU 34 मिनट लेट ▶ 14521 अम्बाला इंटरसिटी एक्सप्रेस 3 घंटे 33 मिनट लेट ▶ 14681 जालंधर सिटी इंटरसिटी 52 मिनट लेट ▶ 04661 कुंभ स्पेशल अमृतसर से प्रयागराज 4 घंटा 20 मिनट लेट

**कैंसिल चल रही ट्रेन**

▶ 14661 शालीमार एक्सप्रेस ▶ 64557 एमयू सहारनपुर दिल्ली

**समय पर चल रही ट्रेनें**

▶ 14309 उज्जैन एक्सप्रेस ▶ 12903 गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस ▶ 12055 दिल्ली देहरादून जन शताब्दी ▶ 12017 देहरादून से दिल्ली शताब्दी ▶ 22457 देहरादून दिल्ली वंदे भारत

## संजीव बालियान के पक्ष में आया संत समाज, 19 जनवरी को महापंचायत का ऐलान

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** संजीव बालियान की सुरक्षा हटाए जाने के बाद मंसूरपुर स्थित सरशादी लाल डिस्टीलरी के बाहर मंदिर व धर्मशाला की जमीन का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। आज शुक्रताल से बड़े संतों संत गोपालदास महाराज, आचार्य अजय कृष्ण महाराज, सुखदेव सिंह महाराज, पत्थरपुरी महाराज ने एकजुट होकर संतों को एक मंच पर लाकर बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि संजीव बालियान हमारे मंदिर के लिए अडिग हैं तो हम भी उनके लिए खड़े हुए हैं। अब किसी भी सूरत में डिस्टीलरी का मालिक कोई भी हो, उसकी ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि सन्त समाज या तो किसी मामले में हस्तक्षेप नहीं करता मगर जब बात मंदिर पर आई है तो जो कह दिया सो कह दिया, अब डिस्टीलरी के बाहर ही मंदिर और धर्मशाला बनकर रहेगी। उसके लिए चाहे उन्हें अपनी जान ही क्यों न गंवानी पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में जब ऐसा हो रहा है तो सपा के शासन में न जाने क्या क्या होता। उन्होंने खुलकर संजीव बालियान की सुरक्षा हटाए जाने की निंदा की और कहा कि वे संजीव बालियान के साथ हैं और किसी भी सूरत में सरशादी लाल डिस्टीलरी एण्ड कैमिकल्स वर्क्स के बाहर की जमीन वापस लेकर रहेंगे।

### उत्तर प्रदेश : पिछड़ी जातियों की सूची में शामिल होगी कहार जाति

**लखनऊ, 16 जनवरी (एजेंसी)।** उप्र. पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में पिछड़ी जाति में सूचीबद्ध कहार जाति को सूची से बाहर करने का मुद्दा उठाया गया। निर्णय लिया गया कि कहार जाति को अन्य पिछड़े वर्ग की सूची से बाहर करने का कोई औचित्य नहीं है। इसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विमुक्त घुमंतू जनजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने पर भी विचार हुआ। बृहस्पतिवार को आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में बुलाई गई बैठक में उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल, अन्य सदस्यगण और सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य अन्य पिछड़े वर्ग से संबंधित जातियों के सम्मिलन, निष्कासन, विकास और उत्थान से जुड़े मामलों पर विचार करना था। राज्य में तेल घानी व्यवसाय से जुड़े लोगों के विकास और उनके हितों की रक्षा के लिए राज्य तेल घानी बोर्ड के गठन का प्रस्ताव बैठक में प्रस्तुत किया गया। निर्णय लिया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य पिछड़े वर्गों के लिए नॉन-क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों का मुद्दा उठा। पाया गया कि प्रमाण पत्र के वर्तमान प्रारूप में संशोधन की आवश्यकता है। इस पर भी प्रमाण पत्र के प्रारूप में आवश्यक संशोधन के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## खुलेआम नकाबपोश कर रहे तांडव, रामपुरी इलाके से हुआ वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** योगी की पुलिस लगातार दावे करती है कि उन्होंने आमजन को सुरक्षा दिलाने के लिए न जाने कितने बदमाश पकड़ लिये और कितनों की टांगों में गोली मार ली, मगर कुछ बदमाशों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं दिखाई पड़ता। गुरूवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी इलाके में सीसीटीवी कैमरे में 18-20 बदमाश बाइक पर सवार होकर शहरभर में हो हल्ला काटते दिखाई दिये। न किसी पुलिस ने उन्हें किसी चौराहे पर रोकने की जहमत उठाई। रामपुरी इलाके के एक युवक को पीटने के लिए उक्त गैंग शाम को यहां पहुंचा था। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते उक्त युवक को पीटा गया है। जब पीड़ित ने पिटने के बाद भी उक्त नकाबपोश युवकों का दूर तक पीछा किया तो एक आरोपी लोगों की मदद से पकड़ा गया। पकड़ा गया आरोपी छपार थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव का रहने वाला है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। आरोपी ने कबूल किया कि रामपुरी के अलावा उनके गिरोह ने शहर के ग्रांड प्लाजा मॉल और फ्रैंड्स कॉलोनी में भी अन्य युवकों से मारपीट की थी। फिलहाल पकड़े गए आरोपी और वहां बाइक छोड़कर भागे उक्त गिरोह के सदस्य की बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उक्त युवक रामपुर तिराहे के आसपास के ही प्रतीत हो रहे हैं।

### किशोरी से पांच युवकों ने की छेड़छाड़, विरोध करने पर पिता को पीटा

**शामली, 16 जनवरी एजेंसी)।** कांधला कस्बे में पिता के साथ बाइक पर बुधवार रात दवाई लेकर लौट रही 15 वर्षीय किशोरी के साथ बाइक सवार छह युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पिता को पीटकर घायल कर दिया। घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपनी 15 वर्षीय बेटी को दवाई दिलवाने के लिए बाइक पर सवार होकर एक प्राइवेट डॉक्टर के यहां गया था। आरोप है कि लौटते समय कस्बा निवासी शोएब ने अपने अन्य पांच साथियों के साथ मिलकर बाइक को रुकवा लिया। आरोपियों ने बेटी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और उसे नीचे खींच लिया। विरोध करने पर पिता के साथ गाली-गलौच और मारपीट कर दी। भीड़ जमा होने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सीओ सिटी ऑफिस के बाहर की बेखौफ होकर दो गुटों में जमकर मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** जैसा कि आए दिन दिखाई देता है कि पुलिस का खौफ अब बस नाममात्र को ही दिखाई देता है। गुरूवार को दो गुटों के बीच थाना सिविल लाइन क्षेत्र व सीओ सिटी ऑफिस से चंद कदमों की दूरी पर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। जब तक पुलिस पहुंची तो दोनों गुट घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। पुलिस तो बस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शिनाख्त कर रही है। वैसे तो पुलिस को जब मोटर साइकिलों की चैकिंग करनी हो तो इसी चौराहे पर मदन स्वीट्स के बाहर जत्थे बनाकर यहां चैकिंग करते दिखाई पड़ते हैं, मगर दो गुटों में हुई मारपीट का नजारा शायद बाइकों की चैकिंग के चलते पुलिसकर्मी न देख पाए हों या हो सकता है देखकर भी अंजान बन गए हों।

## बदलते मौसम के साथ बारिश ने बढ़ाई ठिठुरन

▶ रात्रि में हुई रिमझिम बारिश ने हटा दी कोहरे की चादर ▶ तापमान में जारी उतार-चढ़ाव से ठंड बढ़ने की बनी संभावना

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में कई दिनों से जारी धूप-छांव के संघर्ष के बीच बुधवार सायं शुरू बारिश ने रात्रि में लोगों को खूब छकाया। इस दौरान रुक-रुककर जारी रही बारिश और बादलों की गरज एवं बिजली भी कड़ककर लोगों में खौफ बनाती रही, जो सुबह तक जारी रही, जिससे ठंडक का अहसास बढ़ गया। मौसम विभाग ने एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बुधवार रात हल्की बारिश की भविष्यवाणी की थी। हालांकि गुरूवार को दिनभर सूर्य देव की आंख मिचौली जारी रही।

पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ मैदानी इलाकों में बदले हालातों के बीच में हुई बारिश ने मौसम विभाग के जारी तीन दिन के घने कोहरे का येलो अलर्ट में राहत का काम किया। मौसम विभाग के जारी अलर्ट के अनुसार 16 से 18 जनवरी तक अधिकतम पारा 17 से 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। वहीं 21 जनवरी से फिर से एक बार बारिश की भविष्यवाणी की है। इस दौरान तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक जा सकता है। बुधवार रात्रि में हुई बारिश के बाद जनपद में काफी हद तक कोहरे का असर कम रहा। हालांकि इससे पूर्व जारी कोहरे के कहर की जद में आने से हवाई, ट्रेन व वाहनों की गति को लगे ब्रेक से बिगड़े तमाम संतुलन से लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए पसीने छूटे रहे। इससे पूर्व देर सायं तक वेस्ट यूपी के अधिकतर इलाकों में दृश्यता कम देखी गई। मौसम विभाग ने 16 से 18 जनवरी तक घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के जारी आंकड़ों में गुरूवार को अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस और 97 प्रतिशत गलन के साथ न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### विवाहिता आत्महत्या को पहुंची जौली गंग नहर

**भोपा, 16 जनवरी (बु.)।** ससुरालियों से पीड़ित विवाहिता आत्महत्या के इरादे से जौली गंग नहर पर पहुंच गई, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। पीड़िता ने पति, सास व ननद के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को पति, सास व दो ननद ने उसके साथ गाली गलौच की तथा उसके साथ मारपीट करके घर निकाल दिया और उसका तीन माह का बच्चा भी छीन लिया। आरोप है कि सास व पति बच्चे के होने पर छुछक में बाइक व 50 हजार रुपए की मांग भी करते हुए उसे परेशान करते हैं, जिनसे दुखी होकर वह गुरुवार को जौली गंग नहर पर आत्महत्या करने के लिए पहुंच गयी थी, वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे बचा लिया। सूचना पर उसके पिता व मायके से अन्य लोग आ गए। पीड़िता ने पति, सास व दो ननद के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार जांच पड़ताल की जा रही है।

## गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के कारण पांच दिन यातायात रहेगा बाधित

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड से पहले कर्तव्य पथ पर रिहर्सल 17 जनवरी से शुरू हो रही है। इस दौरान आम लोगों को कोई परेशानी न हो इसलिए दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवायजरी जारी की है। इस व्यवस्था के तहत, यातायात के लिए कुछ मार्गों पर प्रतिबंध और बदलाव किए गए हैं ताकि रिहर्सल के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में बताया गया है कि गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान विशेष यातायात व्यवस्था 17, 18, 20 और 21 जनवरी को लागू रहेगी। कर्तव्यपथ-रफी मार्ग क्रॉसिंग, कर्तव्यपथ-जनपथ क्रॉसिंग, कर्तव्यपथ-मानसिंह रोड क्रॉसिंग और कर्तव्यपथ-सी-हेक्सागन पर सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक यातायात बंद रहेगा। उत्तर दिल्ली से दक्षिण दिल्ली जाने वाले लोग रिंग रोड, सराय काले खां, आईपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग से जा सकते हैं। पूर्व से दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की ओर जाने वाले लोग रिंग रोड से वंदे मातरम रूट का उपयोग कर सकते हैं। एडवाइजरी के मुताबिक विनय मार्ग, शांति पथ पर आने वाले या नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाले वाहन चालकों को सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रीसेंट, आरएमएल गोल चक्कर, बाबा खड़क सिंह मार्ग या पार्क स्ट्रीट-मंदिर मार्ग से होते हुए उत्तरी दिल्ली या नई दिल्ली की ओर जाना होगा। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इन रूट का पालन करें और यातायात प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए यात्रा की योजना बनाएं।

## ग्रामीण की मौत शोक की लहर, नाले में मिला शव

**भोपा, 16 जनवरी (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी 40 वर्षीय सचिन उर्फ चुन्नू पुत्र सोमपाल मुजफ्फरनगर गया था। बुधवार की शाम सचिन का शव व उसकी बाइक भोपा बस स्टेण्ड के बराबर मे स्थित नाले में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम के उपरान्त मृतक का शव गुरूवार को घर लाया गया। सचिन की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि सचिन कल से घर से लापता था मृतक अपने पीछे पत्नी अलका, इकलौते पुत्र अक्षित व माता राजेश को छोड़ गया है। मृतक की पत्नी व पुत्र मुजफ्फरनगर मे रह रहे हैं।

मृतक का फाइल फोटो

## वैष्णो देवी जाने वाले यात्रियों के लिए बुरी खबर, पचास दिन नहीं दौड़ेगी वंदे भारत

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** माता देवी जाने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय रेलवे ने झटका दिया है। रेलवे ने नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को 50 दिनों के लिए कैंसिल कर दिया गया है। ये ट्रेन गुरुवार यानी 16 जनवरी से 6 मार्च 2025 तक नई दिल्ली से कटरा के बीच नहीं चलेगी। दरअसल, इसे जम्मूतवी यार्ड के रीमॉडलिंग के कारण रद्द कर दिया गया है। इस ट्रेन का रखरखाव और संचालन उत्तरी रेलवे जोन द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के सिलसिले में जम्मू यार्ड में प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन को रद्द किया गया है। फिलहाल दिल्ली और कटरा के बीच दो वंदे भारत ट्रेनें चलती है। ट्रेन नंबर 22439/22440 को रद्द करने से इस प्रोजेक्ट स्टेशन के री डेवलपमेंट का काम तेजी से होगा, जब तक वंदे भारत ट्रेन कैंसिल रहेगी, तब तक यात्रियों को वैकल्पिक व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। ट्रेन नंबर 22439/22440 नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 8 घंटे और 5 मिनट में 655 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह ट्रेन बुधवार को छोड़कर हर दिन नई दिल्ली से सुबह 06:00 बजे रवाना होती है और 14:05 बजे कटरा पहुंचती है, जबकि रिटर्न में में यह ट्रेन कटरा से 14:55 बजे रवाना होती है और 23:00 बजे (रात 11 बजे) नई दिल्ली पहुंचती है। यात्रा के दौरान यह ट्रेन चार स्टेशनों अंबाला छावनी, लुधियाना जंक्शन, पठानकोट छावनी और जम्मू तवी में रुकती है। इस ट्रेन में दो तरह की सीटें हैं।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**मीरापुर, 16 जनवरी (बु.)।** गुरुवार की शाम मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी शादाब पुत्र इकराम बाइक से खतौली की तरफ से मीरापुर आ रहा था तथा इसके आगे भुम्मा निवासी अर्पित पुत्र अमोघ बाईक लेकर चल रहा था प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्पित ने अचानक बिना इंडिकेटर दिए बाइक मोड़ दी, जिससे शादाब की बाइक उसकी बाइक से टकरा गई तथा बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को जानसठ सीएचसी भिजवाया, जहाँ से चिकित्सक ने दोनों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक की मौत, तीन गंभीर

**शामली, 16 जनवरी एजेंसी)।** शामली शहर कोतवाली क्षेत्र में बलवा रेलवे क्रासिंग हाईवे पर ट्रक की टक्कर लगने से स्कार्पियो सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसके तीन साथी गंभीर घायल हो गए। चारों दोस्त हरियाणा से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। हरियाणा के जिला रेवाड़ी निवासी के थाना मॉडल टाउन के घामलाका निवासी देवेंद्र पाल ने शहर कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 14 जनवरी की रात को उसका भतीजा प्रियांशु अपने मित्र हेमंत व गौरव निवासी बेरियावास थाना कसौला चौक जिला रेवाड़ी और विक्रम निवासी गांव थाना माण्ढन जिला बहरोड राजस्थान के साथ स्कार्पियो से हरिद्वार में गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे। गाड़ी को गौरव चला रहा था। देर रात करीब तीन बजे जब वे शहर कोतवाली क्षेत्र में बलवा रेलवे क्रासिंग हाईवे पर पहुंचे तो ट्रक ने अचानक तेजी से बिना इंडीकेटर दिए कार के सामने आकर साइड मार दी। दुर्घटना में कार ट्रक के अंदर जा घुसी और उसमें सवार चारों साथी गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया था। पीड़ित के मुताबिक उसके भतीजे प्रियांशी को करनाल के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 17 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1595-फ्रांस के राजा हेनरी चतुर्थ ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1601-मुगल बादशाह अकबर ने असीरगढ़ के अभेद किले में प्रवेश किया। 1757-जर्मनी ने प्रूशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1852-ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को मान्यता दी। 1863-अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में गृह युद्ध। 1895-फ्रांसीसी राष्ट्रपति कैसिमिर पेरियर ने इस्तीफा दिया। 1913-रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये। 1917-राजनेता एवं अभिनेता एम जी रामचंन्द्रन का जन्म। 1918-प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता-निर्देशक कमाल अमरोही का जन्म। 1941-सुभाषचन्द्र बोस ब्रिटिश पहरे से चुपचाप ढंग से निकलकर जर्मनी के लिए रवाना हुए। 1945-प्रसिद्ध कवि, गीतकार जावेद अख़्तर का जन्म। 1946-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक हुई। 1948-नीदरलैंड तथा इंडोनेशिया संघर्ष विराम पर सहमत हुए। 1961-जनवादी कोंगो के प्रधानमंत्री पेट्रिस लुमुम्बा की देश के नये सैन्य शासकों ने हत्या कर दी। 1976-यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने हरमस रॉकेट लांच किया। 1979-सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1980-नासा ने फ्लाटसटकोम-3 लांच किया। 1985-भारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने इंगलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट शतक लगाया। 1987-टाटा फुटबॉल अकादमी खुला। 1989-कर्नल जेके बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। 1995-जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत। 1996-भारतीय एथलीट अब्दुल्ला अबुबकर का जन्म। 2002-अमेरिकी विदेश मंत्री कॉलिन पावेल भारत पहुँचे, आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन किया। 2007-आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर माइकल बेवन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। 2008-केन्द्र सरकार ने विकलांगों को नौकरियां देने के लिए 1800 करोड़ रुपये की एक योजना को मंजूरी प्रदान की। 2009-भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव रणधीरसिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2010-भारत के प्रसिद्ध मार्क्सवादी राजनीतिज्ञ ज्योति बसु का निधन।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1460, रसकट ढैया 1230-1240, चाकू 1350-1580, लड्डू 1500-1635, खुरपापाड़ 1400-1430, शक्कर मसाला 1550-1570। आमद- 2500 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 80650 | चांदी- | 92300 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 60295 |

## आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 17 जनवरी, 2024**

**मेष-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना के शुरूआत हेतु विचार-विमर्श, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी वैमनस्यता में कमी, भौतिक सुख के साधन।

**वृषभ-**आर्थिक व्यवसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, प्रेमसम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**मिथुन-** आज रात्रि 11/56 बजे तक समय प्रतिकूल, भाग्य में न्यूनता, किसी मुद्दे पर तनाव, आत्मीयजनों से कष्ट, शेष समय में कठिनाइयों का निवारण, सुयश की प्राप्ति।

**कर्क-** आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, सफलता का सुयोग, कर्ज की निवृत्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, यात्रा विफल।

**सिंह-** विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आपसी सौहार्द, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, वैमनस्यता का समापन।

**कन्या-** स्वास्थ्य सुधार पर, पुराने विवाद का हल पक्ष में, परिवार में उल्लासमय वातावरण, नौकरी में पदोन्नति, राजनैतिक लाभ का प्रयास सार्थक।

**तुला-** आज रात्रि 11/56 बजे तक निराशा, आरोग्य सुख में व्यतिक्रम, उलझनें, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय योजना की पूर्ति के लिए बेहतर, आथ्रक उन्नति, शांति।

**वृश्चिक-** आज रात्रि 11/56 बजे तक सफलता, व्यापार में धन निवेश, स्वनिर्णय हितकर, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में परेशानी, अपेक्षित सहयोग का अभाव।

**धनु-** कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुसमाचार की प्राप्ति।

**मकर-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।

**कुम्भ-** आज रात्रि 11/56 बजे तक समस्याएं प्रभावी, जोखिम से नुकसान, आत्मीयजनों से कटुता, शेष समय में सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क।

**मीन-** आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरे कार्य पूर्णता, अकल्पित लाभ, समय विपरीत, योजना पूर्ति में विलम्ब, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

### मंत्री ने मुख्यमंत्री से मांगी सौगात... लखनऊ के कालीदास मार्ग पर सीएम योगी से मिलकर मंत्री अनिल कुमार ने किया टेबिल टॉक

# योगी जी दे दो, पुरकाजी में तहसील-सोलानी नदी पर बांध

### वर्षों से पुरकाजी खादर क्षेत्र के लोग सौलानी नदी की बाढ से हो रहे है बर्बाद, सदर तहसील के भी दो भाग करके पुरकाजी को तहसील बनाने की रखी मांग

**छपार, 16 जनवरी (बु.)।** पुरकाजी सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र के विधायक एंव प्रदेश के विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिलकर उनको ज्ञापन सौंप कर पुरकाजी क्षेत्र में बह रही सौलानी नदी के किनारे पर तट बंध बनाए जाने की मांग रखी।

लखनऊ में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनको दिए गए ज्ञापन में बताया कि पुरकाजी खादर क्षेत्र में सौलानी नदी शिवालिक पर्वत की पहाडियों से निकल कर प्रवेश करती है। प्रत्येक वर्ष सौलानी नदी में बाढ़ आने से भारी हानि क्षेत्र के गांवों के लोगों को उठानी पड़ रही है। मंत्री अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि 2 दिसंबर 19 में उत्तर प्रदेश राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद की स्थाई संचालन समिति की 52वीं बैठक में परियोजना का वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित किया गया है। जल संसाधन नदी विकास, एंव गंगा संरक्षण मंत्रालय, गंगा बाढ़ नियत्रंण आयोग लखनऊ के द्वारा मूल्यांकन प्राप्त हो चुका है।

भारत सरकार के जल संसाधन नदी एंव गंगा विकास संरक्षण मंत्रालय द्वारा आयोग की 151वीं बैठक में इसकी लागत 11388 लाख अनुमोदित की गई है। मंत्री अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पांच अगस्त 2024 के माध्यम से पता चला है कि परियोजना पर वित्त पोषण केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित है, जो फिलहाल प्रक्रियाधीन है। मंत्री अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री से सोलानी नदी पर पुरकाजी खादर क्षेत्र में तटबंध निर्माण हेतु मुख्यमंत्री स्तर से यथोचित कार्यवाही की मांग रखी है। उधर मंत्री अनिल कुमार ने तहसील सदर मुजफ्फरनगर के दो भाग कर पुरकाजी को नई तहसील बनाने के सम्बध में भी ज्ञापन दिया। मंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि उनकी पूरी विधानसभा क्षेत्र का भौगोलिक क्षेत्र तहसील सदर के अन्तर्गत आता है, जिसमें 273 ग्राम हैं। जो जनपद की सबसे बड़ी तहसील है। पुरकाजी से तहसील सदर आने के लिए 35 किलो मीटर की दूरी है। जबकि उनके क्षेत्र के अंतिम गांव बढीवाला खादर से तहसील हैड क्वार्टर की दूरी 50 किमी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी होती है। पुरकाजी को नई तहसील बनाने के सम्बध में काफी समय से विधान सभा क्षेत्र के लोग संघर्ष एंव पत्राचार कर रहे है। मंत्री ने पुरकाजी के क्षेत्र की जनता की भावनाओं को ध्यान में रख पुरकाजी क्षेत्र को नई तहसील के रूप में सृजित करने की भी मांग रखी। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी मांग पर सहानुभूति पूर्ण तरीके से विचार का भरोसा दिलाया।

## गैंगस्टर में वांछित चल रहे 03 अभियुक्त पुलिस ने दबोचे

**बुढ़ाना, 16 जनवरी (बु.)।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 3 अभियुक्तों को बृहस्पतिवार के दिन दबोचकर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस निरीक्षक रूप किशोर शर्मा ने क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित कुमार शर्मा, उमरपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज सुरेंद्र राव, हैड कांस्टेबल कृष्ण पाल, कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल आकाश कुमार व कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार के सहयोग से बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर उनके मकानों से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 03 अभियुक्तों को बृहस्पतिवार के दिन अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। इन पकड़े गये तीनों अभियुक्तों के नाम अंकित पुत्र जोगेन्द्र और रोहित पुत्र घसीटा निवासीगण ग्राम बसी खुर्द के अलावा बिल्लू उर्फ शाहिद पुत्र अशफाक निवासी गांव रसूलपुर दभेड़ी कोतवाली क्षेत्र बुढाना हैं। तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## औद्योगिक पैमाने पर पिछड़ने पर बुढ़ाना के व्यापारी हुए निराश

**बुढ़ाना, 16 जनवरी (बु.)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बुढाना में साढ़े सात बीघा जमीन मंदवाडा रोड पर है। यह जमीन सरकारी है। जोहल के नाम से जानी पहचानी जाती है। सफीपुर पट्टी की सीमा लगती है। वैसे भी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का साफ फरमान है कि तालाबों कुओं और सरकारी जमीन पर जो भी अवैध कब्जे हैं उनको फोरन हटवाया जाये और उनका सौन्दर्यीकरण कराया जाये या फिर उन पर सरकारी हस्पताल, स्कूल, सीएनजी गैस पम्प, कोल्ड स्टोर, सरकारी सोसाईटी या फिर सरकारी खाद गोदाम जनहित में अवश्य बनाया जाये। वैसे भी बुढ़ाना तहसील होने पर भी उद्योग की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। दिल्ली एनसीआर में आने के बाद भी बुढ़ाना पिछड़ा हुआ है, जबकि बुढ़ाना में विधानसभा है। यहां से विधायक भी चुनकर लखनऊ जाते हैं, मगर फिर भी बुढ़ाना उद्योग की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है।

## शराब के नशे में खेत पर जाकर युवक ने खाया कीटनाशक, हालत बनी गंभीर, रैफर

**बुढ़ाना, 16 जनवरी (बु.)।** एक नवयुवक ने शराब के नशे में खेत में जाकर कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर नवयुवक को एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया है। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी दे दी गयी है। कीटनाशक दवाई क्यों खाई यह पता नहीं लग पाया था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के गांव जौला निवासी 24 वर्षीय अक्षय पुत्र पवन आज बृहस्पतिवार को राजस्थान राज्य से आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने शराब का सेवन किया हुआ था। जैसे ही वह घर पर पहुंचा तो परिजन घर पर नहीं मिले। वे खेत पर काम करने के लिए गये हुए थे। तब वह भी खेत पर जा पहुंचा और वहां पर रखी कीटनाशक दवाई पी गया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसको एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। नवयुवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन क्यों किया यह पता नहीं लग पाया था। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## मानदेय बढ़ोत्तरी हेतु पंचायत सहायकों ने एक्स हैंडल पर चलाया अभियान

**बुढ़ाना, 16 जनवरी (बु.)।** मानदेय बढ़ोत्तरी को लेकर पंचायत सहायकों ने बृहस्पतिवार के दिन सोशल मीडिया एक्स पर अभियान की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, पंचायती राज मंत्री और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रखी। पंचायत सहायकों ने कहा कि उन्हें सबसे कम मानदेय मिल रहा है। कुल 06 हजार रुपये महीने पर ही उनकी नियुक्ति हुई है। जो कि आज के समय में बहुत ही कम है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संविदाकर्मियों के मानदेय में वृद्धि कर उन्हें सौगात तो दी लेकिन इस तरह के शासनादेश में हम पंचायत सहायकों को शामिल नहीं किया गया, जो कि बहुत ही गलत है। हम इसका खुलकर विरोध करते हैं। इसलिए संविदा कर्मियों के मानदेय वृद्धि का लाभ पंचायत सहायकों को भी मिलना चाहिए। मानदेय वृद्धि को लेकर आगामी 20 जनवरी तक लगातार पंचायत सहायकों के द्वारा युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से सभी पंचायत सहायक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री से अपनी मांग रखेंगे। अगर उनकी यह जायज मांग स्वीकार नहीं की जाती है तो वे फिर इसके लिए कोई और रास्ता अपनाएंगे। सबको पता है इस दौर में कितनी महंगाई है।

# भाजपा नेता और संतों की याचिकाओं के खिलाफ कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई अर्जी

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** कांग्रेस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दायर की, जिसमें उसने 1991 के उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम की वैधता के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का विरोध किया। यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के स्वरूप को वैसे ही बनाए रखता है, जैसा वे 15 अगस्त 1947 को थे।

विपक्षी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर की गई जनहित याचिका (पीआईएल) में दखल देने का आग्रह किया। याचिका में उपाध्याय ने इस कानून की संविधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिका में कांग्रेस ने कहा कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने के लिए जरूरी है और इस पर उठाए गए सवाल जान-बूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास प्रतीत होते हैं, जो धर्मनिरपेक्षता के स्थापित सिद्धातों को कमजोर करने के लिए गए हैं। पार्टी ने कहा कि उसे आशंका है कि अगर इस कानून में कोई बदलाव हुआ, तो इससे भारत में सांप्रदायिक सद्भावना और धर्मनिरपेक्षता को खतरा पैदा हो सकता है, जो देश की संप्रभुता और अखंडता को भी खतरे में डाल सकता है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि वह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है और इस कानून को पारित करने में उसका अहम योगदान था, जब वह और जनता दल पार्टी लोकसभा में बहुमत में थे। पार्टी ने आगे कहा कि वह अपने निर्वाचित सदस्यों के जरिए उपासना स्थल कानून को पारिर करने के लिए जिम्मेदार थी, इसलिए उसे इस मामले में दखल देने की अनुमति मिलनी चाहिए और उपासना स्थल कानून की वैधता का बचाव किया जाना चाहिए। विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि उपाध्याय ने संदिग्ध और गोपनीय उद्देश्यों से याचिका दायर की है। याचिका में यह गलत दावा किया गया है कि उपासना स्थल कानून केवल हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदायों पर लागू होता है। इस कानून के अनुसार सभी धर्मों के समुदायों के पूजा स्थलों पर समान रूप से लागू होता है और यह 15 अगस्त 1947 के बाद की स्थिति को सुनिश्चित करता है, न कि किसी विशेष समुदाय के प्रति पक्षपात, जैसा कि दावा किया गया है। देश की संसद ने 18 सितंबर 1991 को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 (अधिनियम) पारित किया था। उपासना स्थल कानून में सात धाराएं हैं। शुरूआती खंड में कानून का उद्देश्य किसी भी उपासना स्थल के बदलाव पर रोक लगाना और किसी भी उपासना स्थल के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त, 1947 के अनुसार बनाए रखना बताया गया है। यह अधिनियम उस समय चुनौती के दायरे में आया जब सर्वोच्च न्यायालय अयोध्या स्थित विवादित ढांचे के मसले का फैसला कर रहा था। 9 नवंबर 2019 को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से विवादित संपत्ति का मालिकाना हक श्री रामलला विराजमान को दिया। इस फैसले ने 450 साल पुराने विवाद की फाइलें बंद कर दीं। उस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता को बरकरार रखा। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर की गईं, जिनमें दावा किया गया है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29 का उल्लंघन करता है। इन मामलों में याचिकाकताओं में भाजपा नेता और वकील अश्विनी उपाध्याय, पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, धर्मगुरु स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती और देवकीनंदन ठाकुर, काशी नरेश विभूति नारायण सिंह की बेटी कुमारी कृष्णा प्रिया और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी अनिल कबोत्रा शामिल हैं।

## क्वालिटी आइसक्रीम के पूर्व प्रवर्तकों की 440 करोड़ की संपत्ति की गई जब्त

### ईडी ने बैंक धोखाधड़ी में की कार्यवाही, कंपनी ने अपने ड्राईवर और गार्ड बना रखे थे निदेशक

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डेयरी और आइसक्रीम क्षेत्र की बड़ी कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की 440 करोड़ रुपये की सपंत्तियां जब्त की हैं। बैंक धोखाधड़ी के आरोप में दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में यह संपत्तियां जब्त की गई हैं। ईडी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने बताया धनशोधन निवारण कानून के तहत, दिल्ली के डीएलएफ छतरपुर में 12000 वर्ग गर्ज फार्महाउस, वसंत विहार और पंजाबी बाग में आवासीय संपत्ति, हरियाणा के करनाल और पंजाब के मोहाली में आवासीय भूमि अस्थायी रूप से जब्त करने का आदेश जारी किया गया। इन सभी संपत्तियों का सम्मिलित बाजार मूल्य 442.85 करोड़ रुपये है। यह सभी संपत्तियां क्वालिटी के पूर्व प्रवर्तकों सिद्धांत गुप्ता और संजय धींगरा की डमी कंपनियों के नाम हैं। इन कंपनियों में इन दोनों के ड्राइवर, सुरक्षा गार्ड आदि निदेशक बनाए गए हैं। ईडी ने गुप्ता और धींगरा से संबंधित दिल्ली-एनसीआर के 15 लोकेशनों पर नवंबर, 2024 में छापा मारा था। यह कार्रवाई इन दोनों से जुड़ी शेल कंपनियों के मामले में की गई थी। क्वालिटी लिमिटेड बिक चुकी है और अब नए मालिकों के कब्जे में है। ईडी ने यह पूरा मामला, सीबीआई की ओर से सितंबर 2020 में दर्ज उस केस के आधार पर खड़ा किया है जिसमें सीबीआई ने गुप्ता, धींगरा और क्वालिटी को बैंकों के एक समूह से 1400 करोड़ रुपये लोन का फ्रॉड करने का आरोपी बनाया था। जांच एजेंसी का कहना था कि कंपनी और उसके प्रवर्तकों ने इस लोन के लिए एकाउंट में हेर-फेर कर ज्यादा बिक्री दिखाई थी।

## शिमला घूमकर लौटते समय पलटी थार, दो दोस्तों की मौत

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** बाहरी-उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में बुधवार देर रात तेज रफ्तार महिंद्रा थार डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। गाड़ी ने डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पहले एक स्ट्रीट लाइट के पोल को तोड़ा। इसके बाद उसने सड़क पर कई कलाबाजियां खाईं। बाद में एक पेड़ से टकराकर गाड़ी रुक गई। हादसे में कार सवार दो दोस्त बुरी तरह जख्मी हो गए।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गाड़ी से निकालकर नजदीकी सत्यवादी राजा हरिशचंद्र अस्पताल पहुंचाया, जहां कार्तिक कक्कड़ उर्फ निमेश (20) को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल युवक यशराज सिद्धू (23) को एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उसने भी इम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। बाद में शवों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया। अलीपुर थाना पुलिस ने कार कब्जजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अलावा सीसीटीवी की फुटेज से हादसे की वजहों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शुरूआती जांच में नींद की झपकी आना या नशे की हालत में गाड़ी से हादसा होने की आशंका जताई गई है।

बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र कार्तिक परिवार के साथ विकासपुरी में रहता था। वहीं यशराज सिद्धू का परिवार भोपाल में रहता है। कार्तिक और यशराज दोस्त थे। 11 जनवरी को दोनों का शिमला घूमने का प्रोग्राम बना। दोनों काले रंग की महिंद्रा थार गाड़ी से निकल गए। कई दिन मौज-मस्ती करने के बाद बुधवार को दोनों दिल्ली के लिए निकले। कसोल और लाहौल-स्पीति होते हुए वापस लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे दोनों ने चंडीगढ़ पहुंचे। इस बीच देर रात करीब दो बजे दोनों मुरथल में पराठे खाए। वहां से जैसे ही यह दिल्ली के लिए निकले अलीपुर के बाकौली गांव पहुंचने पर हादसे का शिकार हो गए। रात करीब 3.00 बजे थार काफी तेज गति से सोनीपत से दिल्ली की ओर बढ़ रही थी। इस दौरान तेज बारिश हो रही थी।

## कोयला घोटाला: जस्टिस विश्वनाथन ने खुद को सुनवाई से किया अलग

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कोयला घोटाला मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि वह पहले एक वकील के रूप में इनमें से एक मामले में पेश हो चुके हैं, इसलिए वह सुनवाई में भाग नहीं लेंगे। इन याचिकाओं में अवैध कोयला ब्लॉक आवंटन से जुड़े आपराधिक मामलों में पारित ट्रायल कोर्ट के आदेशों के खिलाफ अपील पर सुनवाई से हाईकोर्ट को रोकने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसलों में संशोधन की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस विश्वनाथन की पीठ की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि वह कॉमन कॉज (एनजीओ जिसने कोयला घोटाले के मामलों में जनहित याचिका दायर की थी) मामले में थे। यह मामला ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) का था, लेकिन फिर भी वह सुनवाई से अलग होना चाहते हैं। इसे बाद सीजेआई ने कहा कि अब 10 फरवरी से शुरू होने वाले हफ्ते में नई पीठ गठित की जाएगी।

## बीजापुर में सीमा पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 12 नक्सली ढेर

**बीजापुर, 16 जनवरी (एजेंसी)।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। देर रात तक मुठभेड़ में गोलीबारी चलती रही।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस फोर्स के वापस लौटने के बाद की पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगा कि कुल कितने नक्सली मारे गये हैं। जवान नक्सलियों के शवों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद इन शवों की शिनाख्ती की जाएगी। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में करीब एक हजार जवान शामिल हैं। ज्वाइंट ऑपरेशन में सुकमा, दंतेवाड़ा डीआरजी के अलावा सीआरपीएफ के जवान भी शामिल हैं। जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। इससे हड़बड़ाये नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवान मोर्चा संभाल कर मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। इस ऑपरेशन में नक्सलियों के भारी नुकसान की बात कही जा रही है। बस्तर आईजी पी सुंदरराज इस नक्सल ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के कर्मी, सीआरपीएफ की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की 229वीं बटालियन ऑपरेशन में शामिल हैं। 12 जनवरी को बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गये थे। पुलिस ने कहा था कि दो साल में छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों पर अपने सबसे बड़े हमले में नक्सलियों ने इस महीने की शुरूआत में बीजापुर जिले में 60 से 70 किलोग्राम वजन वाले एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण का उपयोग करके एक वाहन को उड़ा दिया, जिसमें आठ सुरक्षाकर्मी और उनके नागरिक चालक की मौत हो गई।

## आठ माह तक ही चला प्रेम विवाह, पेड़ पर लटके मिले दोनों के शव

**पीलीभीत, 16 जनवरी (एजेंसी)।** पीलीभीत के अमरिया क्षेत्र में नवविवाहित दंपती के शव बृहस्पतिवार को एक ही रस्सी के सहारे पेड़ पर लटके मिले। दोनों ईंट भट्टे पर मजदूरी कार्य करते थे। जानकारी पर परिजन दोनों के शव गांव ले गए। दोनों के परिजन कार्रवाई से इन्कार रहे हैं। पुलिस को कोई जानकारी भी नहीं दी गई। आपसी विवाद में दोनों के आत्महत्या करने की बात कही जा रही है।

जहानाबाद क्षेत्र के भगाडांडी गांव निवासी मोहब्बत शाह के पुत्र फरमान (22) ने करीब आठ माह पूर्व गांव के ही बाबूशाह की पुत्री नाजिया (20) के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों एक माह पूर्व से अमरिया क्षेत्र के तिरकुनिया सरैनी गांव के निकट स्थित एमआर बिक्री फील्ड भट्टे पर मजदूरी कार्य कर रहे थे। बृहस्पतिवार को दोनों भट्टे पर थे। बताया जाता है कि सुबह करीब 10 बजे दोनों दवा लेने की बात कहकर भट्टे से निकले। करीब दो घंटे बाद भट्टे से करीब दो सौ मीटर दूर घेरा शरीफ के निकट एक बाग में कोकाड़ के पेड़ से एक ही रस्सी के सहारे दोनों के शव लटकते मिले। राहगीरों की सूचना पर मृतक फरमान के परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों के शवों को नीचे उतारा। सूचना पर भट्टे से अन्य मजदूर और मुंशी भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद परिजनों के कहने पर ट्रैक्टर ट्रॉली से दोनों के शवों को घर ले जाया गया। दोनों परिवार वाले कुछ बताने को तैयार नहीं है। दोनों आपसी विवाद की बात कही जा रही है। दोनों के ही परिजन कार्रवाई की बात से इन्कार करने रहे हैं। मामले की पुलिस को जानकारी भी नहीं दी गई। प्रधान पति सलीम बादशाह ने बताया कि आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। दोनों के ही परिवार वाले कोई आरोपी भी नहीं लगा रहे हैं। दोनों का घर आसपास में ही है। आठ माह पूर्व दोनों का प्रेम विवाह हुआ था। जहानाबाद थाना प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा का कहना है कि इस संबंध में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। क

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मोहन भागवत और राहुल गांधी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने-अपने बयानों के जरिये सुर्खियाँ में हैं। राहुल गांधी ने मोहन भागवत के सच्ची आजादी वाले बयान पर कहा कि मोहन भागवत अगर किसी दूसरे देश में ऐसा बयान देते तो इसे देशद्रोह मान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और मुकदमा चलाया जाता। राहुल गांधी के इंडिया स्टेट से लड़ने वाले बयान के बाद उनकी भी आलोचना की जा रही है। मोहन भागवत के बयान की तो राहुल-खड़गे आदि कांग्रेस के नेता ही आलोचना निन्दा कर रहे हैं, लेकिन राहुल के बयान पर उनकी चौतरफा निन्दा की जा रही है। भाजपाईयों के साथ-साथ आमजन भी राहुल के विरुद्ध टिप्पणी कर रहे हैं। ज्यादातर न्यूज चैनल राहुल ही के बयान पर बहस कराते रहे। कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल के बयान का कुतर्कों से बचाव करके आपनी खिल्ली उड़वाते रहे। कुछ कांग्रेस के प्रवक्ता जब कोई जवाब नहीं दे पाए, तो एंकर ही को गोदी मीडिया बताने लगे। कई चैनलों पर इस प्रकार के प्रवक्ताओं की आवाज भी बन्द कर दी गयी। मोहन भागवत इंदौर में थे, वहां वो रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार देने के लिए उपस्थिति थे। इस पुरस्कार समारोह में भागवत ने कहा था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को प्रतिष्ठा द्वादशी के तौर पर मनाया जाना चाहिए। इसे ही भारत का 'सच्चा स्वतंत्रता दिवस' मानना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा था,'प्रतिष्ठा द्वादशी, पौष शुक्ल द्वादशी का नया नामकरण हुआ। पहले हम कहते थे वैकुंठ एकादशी, वैकुंठ द्वादशी अब उसे प्रतिष्ठा द्वादशी कहना, क्योंकि अनेक शतकों से परतंत्रता झेलने वाले भारत की सच्चे स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा उसी दिन हो गई। स्वतंत्रता थी, प्रतिष्ठित नहीं हुई थी। भारत स्वतंत्र हुआ 15 अगस्त को राजनीतिक स्वतंत्रता आपको मिल गई। हमारा भाग्य निर्धारण करना हमारे हाथ में है। हमने एक संविधान भी बनाया, एक विशिष्ट दृष्टि जो भारत के अपने स्व से निकलती है, उसमें से वह संविधान दिग्दर्शित हुआ। भागवत ने कहा, ऐसी परिस्थिति समाज की, क्योंकि जो आवश्यक स्वतंत्रता में स्व का अधिष्ठान होता है, वह लिखित रूप में संविधान से पाया है, लेकिन हमने अपने मन को उसकी पक्की नींव पर आरूढ़ नहीं किया है। हमारा स्वयं क्या है? राम, कृष्ण और शिव, यह क्या केवल देवी देवता हैं, या केवल विशिष्ट उनकी पूजा करने वालों के हैं? ऐसा नहीं है। राम उत्तर से दक्षिण भारत को जोड़ते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस के नये मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भागवत के इस बयान का उत्तर दिया। इसमें ही वे गलती कर बैठे। राहुल गांधी ने कहा, हमें ये मुख्यालय एक खास समय में मिला है। मेरा मानना है कि इसका प्रतीकात्मक महत्व है, क्योंकि कल आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत 1947 में आजाद नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत को सच्ची आजादी उस दिन मिली जब राम मंदिर बना। वो कहते हैं कि संविधान हमारी आजादी का प्रतीक नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि मोहन भागवत में ये दुस्साहस है कि हर दो-तीन दिन में वो देश को ये बताते रहते हैं कि आजादी के आंदोलन को लेकर वो क्या सोचते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मोहन भागवत ये कह रहे थे कि संविधान बेमानी है। उनके बयान का मतलब ये है कि ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़कर हासिल की गई हर चीज बेमानी है और उनके अंदर इतना दुस्साहस है कि वो सार्वजनिक तौर पर ये बात कह रहे हैं। मोहन भागवत ने अगर ये बयान किसी और देश में दिया होता, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होती। ये देशद्रोह करार दिया जाता और वो गिरफ्तार हो जाते। ऐसा कहना हर भारतीय का अपमान है। अब हमें इस तरह की बकवास को सुनना बंद कर देना चाहिए। हमें ऐसे लोगों की बकवास को सुनना बंद कर देना चाहिए, जो ये सोचते हैं कि हम जो चाहें बोलते रहें और शोर मचाते रहें। राहुल गांधी ने कहा कि अगर आप समझते हैं कि हम सिर्फ बीजेपी या आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं तो आप ये समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर हो क्या रहा है। हम बीजेपी, आरएसएस और अब खुद 'इंडियन स्टेट' से लड़ रहे हैं। बस इस बयान के साथ ही राहुल निशाने पर आ गये। राहुल गांधी ने अपने भाषण में 'इंडियन स्टेट' से लड़ने की बात कही। इसे लेकर उनकी आलोचना हो रही है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी, भागवत पर देशद्रोह का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन इंडियन स्टेट से लड़ने की बात कर वो खुद देश के खिलाफ बगावत की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी अध्यक्ष नड्डा ने भी तंज किया। जेपी नड्डा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को उत्साहित करने का रहा है, जो कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। उन्होंने कहा कि लेकिन भारत के लोग समझदार हैं। उन्होंने फैसला कर लिया है कि वह राहुल गांधी और उनकी सड़ी हुई विचारधारा को हमेशा ठुकराएंगे। अब कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई किसी से छिपी नहीं है। अब उनके अपने नेता ही ने इसका पदार्फाश कर दिया है। नड्डा ने कहा कि मैं राहुल गांधी की इस बात के लिए प्रशंसा करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही जो देश जानता है। यह कोई रहस्य नहीं है कि गांधी और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों के साथ गहरा संबंध है, जो भारत को अपमानित और बदनाम करना चाहते हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है, वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है। भाजपा नेता हरदीप पुरी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को अपनी मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी के किसी बयान का जिक्र किये बिना कहा कि उनसे कहिये वे जाकर अपनी मानसिक स्थिरता की जांच कराएं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, फिर भी वह कहते हैं कि वह भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे पास एक अपरिपक्व नेता विपक्ष है, जो जॉर्ज सोरोस जैसी ताकतें जो हमारे देश की अखंडता के खिलाफ हैं, उनका मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के शब्द और कार्य देश की संप्रभुता को चोट पहुंचाते हैं। यह पहली बार नहीं है कि उन्होंने ऐसा किया है, जो ताकतें देश विरोधी हैं, वह उनसे फंडिंग लेते हैं और फिर ऐसे बयान देते हैं।

### चार मोती

सुनील उत्सव

**'खूबियां' 'भीड़' 'काम' 'भाड़'**

इन सियासी रास्तों की खूबियां तो देखिए,
जाहिलों के साथ भी चमचों की भीड़ भाड़ है।
काम तो कुछ है नहीं बस बोलते रहते हैं वो।
भोंदुओं के साथ भी गुण्डों की भीड़ भाड़ है।

# डीएम ने किया 600 किलो वाट के सोलर प्लांट का शुभारम्भ

## - आईआईए और यूपी नेडा की बैठक में सौर ऊर्जा पर चर्चा

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर एवं यूपी नेडा के संयुक्त तत्वावधान में मोरवेल ट्यूब्स प्रा. लि. बेगराजपुर में संपन्न बैठक में बतौर मुख्य अतिथि डीएम उमेश मिश्रा व सीडीओ संदीप भागिया उपस्थित रहे। इस दौरान डीएम और सीडीओ ने सयुंक्त रूप से मोरवेल ट्यूब्स प्रा. लि. में स्थापित 600 किलोवाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट का उद्घाटन किया। यह परियोजना स्थानीय उद्यमी फकीर चंद मोगा, रजत मोगा और दिवांशु मोगा के प्रयासों से यहां स्थापित की गई है। आपने जिले में सौर ऊर्जा क्षेत्र में प्रेरणादायक पहल करते हुए पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक प्रगति को एक नई दिशा दी है। डीएम ने प्रयास की सराहना करते हुए अन्य उद्योग पतियों को सौर ऊर्जा जैसे स्थायी व हरित ऊर्जा स्रोत अपनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक संचालन आईआईए के सचिव अमित जैन ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग केंद्र जैस्मिन फौजदार, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता गुलशन गोयल, यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी भजन लाल सिंह, उमेश अग्रवाल और पॉल्यूशन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह, जेई संतोष कुमार आदि ने भाग लिया। यूपीनेडा अधिकारी भजन सिंह ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी। आईआईए के चेयरमैन पवन गोयल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह परियोजना इंडस्ट्री के लिए एक मॉडल बनेगी और हमें स्वच्छ व स्थायी ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगी। सौर ऊर्जा जैसे नवाचार उद्योगों की ऊर्जा लागत को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक हैं। इस दौरान नवीन जैन, पंकज जैन, प्रीतुल जैन, अरविंद मित्तल, राहुल मित्तल, अमन गुप्ता, सुशील अग्रवाल, राज शाह, संदीप सिंह, आरके सैनी, आकाश कुमार, सागर वत्स, पंकज मोहन गर्ग, रवि जैन, नईम चांद, रविंद्र कुमार जैन, अपूर्व अग्रवाल, अनमोल गर्ग, तुषार जैन, सुयश जैन समेत अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

# डीएम ने चकबंदी अफसरों के कसे पेंच

## - समस्या निदान में लापरवाही होने पर लगाई जमकर क्लास

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक में मिल रही शिकायतों के समाधान में हो रही देरी पर फटकार लगाते हुए चकबंदी कार्यों को समय रहते निस्तारित करने के निर्देश दिए। चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी सहित सभी चकबंदी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चकबंदी से संबंधित लंबित मामलों-वादों का निस्तारण शीघ्र किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी से संबंधित समस्त शिकायतों और लंबित कार्यों का इस तरह से निदान किया जाए ताकि जो भी व्यक्ति वास्तव में इसका हकदार है उसका नाम कागजातों की इस बीच जांच करते हुए अवश्य ही उसका नाम अंकित किया जाए। जिला पंचायत के सभागार में संपन्न समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए अपने-अपने कार्यों में प्रगति लाते हुए चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, संबंधित अधिकारी मौके पर गांव में जाकर मामले की जांच करते हुए उस समस्या का स्थाई निस्तारण कराएं, वहीं यदि कोई बड़ी समस्या आ रही है, तो इस समस्या को संबंधित तहसील से समन्वय स्थापित करते हुए उसका निस्तारण भी अवश्य कराएं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, बंदोबस्त अधिकारी, चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक चालक घायल

**जानसठ, 16 जनवरी (बु.)।** मीरापुर-खतौली मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की टक्कर में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बृहस्पतिवार की शाम को शादाब पुत्र इकरामुदीन निवासी मौहल्ला मुस्तर्क कस्बा मीरापुर बाइक द्वारा खतौली की ओर से अपने घर जा रहा था। खतौली की ओर से ही अर्पित पुत्र अमोघ निवासी गांव भूम्मा थाना मीरापुर अपने गांव से बाइक द्वारा मीरापुर की ओर जा रहा था। जैसे ही यह लोग खतौली-मीरापुर मार्ग पर रजबाहे के पास पहुंचे, तो दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइकों की टक्कर होने से मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ में से किसी ने एक्सीडेंट होने की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शादाब और अर्पित को सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से इन दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए इन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठा कुश्ती कोच, भूख हड़ताल शुरू

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** किसान नेता स. जगजीत सिंह डल्लेवाल बीते 51 दिनों से फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर हैं, उनके समर्थन में देशभर में जारी विरोध प्रदर्शन को और तेज करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में कुश्ती कोच जितेंद्र सिंह ने भी धरना शुरू कर दिया। डीएम कार्यालय पर उनके नेतृत्व में कुश्ती कोच ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हुए अनिश्चितकालीन धरने पर कुश्ती कोच जितेंद्र सिंह के समर्थन में इस दौरान आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक, विकास दीक्षित, संजीव बालियान, सनी कुमार, लाल सिंह, सनोज कुमार, टिंकू सिंह आदि ने अपना समर्थन दिया। देश में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज करते हुए बीते दिनों 111 किसानों ने किसान नेता जगजीत डल्लेवाल के समर्थन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की, जिनकी भूख हड़ताल 51वें दिन में प्रवेश कर गई है। हरियाणा में किसानों के बॉर्डर के करीब पहुंचने पर सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हालांकि, कोई टकराव नहीं हुआ और किसान शांतिपूर्ण तरीके से धरना स्थल पर बैठे हैं।

# मां धारी देवी के डोली दर्शन कर श्रद्धालुओं ने उठाया धर्म लाभ

## - कुंभ नगरी प्रयागराज में होगा मां धारी देवी का शाही स्नान

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बुस.)।** देहरादून से निकली मां धारी देवी एवं भगवान श्री नागराज की देव डोली शोभायात्रा बृहस्पतिवार को मुजफ्फरनगर पहुंची, जहां देव डोली का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। नगर के पुरानी घास मंडी स्थित भगवान शिव के मंदिर में पहुंची मां धारी देवी एवं नागराज की देव डोली का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया और भजन कीर्तन कर धर्म लाभ उठाया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां धारी देवी के दर्शन भी किए। इस दौरान धारी देवी एवं नागराज उपासक आचार्य सुरेन्द्र प्रसाद सुन्दरियाल ने बताया कि डोली यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की देव संस्कृति का प्रचार प्रसार करना है। यह देव डोली शोभायात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचेगी। यह विभिन्न पड़ावों से होते हुए 31 जनवरी को प्रयागराज पहुंचकर यात्रा पूरी करेगी और गंगा स्नान के बाद वापस उत्तराखंड के लिए रवाना होंगी। प्रयागराज में गढ़वाल सभा द्वारा डोली दर्शन, 02 फरवरी को कुम्भ मेला क्षेत्र में साधु संतों के साथ अखाड़ा दर्शन, कुम्भ परिक्रमा के बाद 03 फरवरी बसंत पंचमी पर त्रिवेणी संगम पर देव स्नान होगा। 05 को देव डोली शोभायात्रा नेहरू कॉलोनी परशुराम चौक पहुंचेगी। 06 फरवरी को श्री ईष्ट देवताओं का यज्ञ अनुष्ठान, हवन, भंडारा होगा। इस दौरान मौके पर श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अपनी-अपनी श्रद्धाभाव से प्रसाद के रूप में फल, फूल, अन्न वस्त्र आदि भी ब्राह्मणों को भेट किए।

# बाग प्यारेलाल के लोगों ने लगाया सरकारी रास्ते पर कब्जे का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** सदर तहसील के मौहल्ला बाग प्यारे लाल साउथ सिविल लाइन क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने गुरूवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए एक निजी कॉलेज प्रबंधन द्वारा धमकी दिए जाने के आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। अपनी मांग के समर्थन में डीएम दरबार पहुंचे मौहल्ले के लोगों ने सरकारी भूमि पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा अवैध कब्जा किए जाने के साथ बीते दिनों क्षतिग्रस्त निर्माण को पक्का किए जाने से रोकने पर जान से मारने व देख लेने की धमकी दिए जाने के आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्यवाही कराए जाने की गुहार लगाई। गुरूवार को सरकारी भूमि पर कब्जा किए जाने और जबरन टूटे निर्माण को पक्का किए जाने के आरोप लगाते हुए मौहल्ला बाग प्यारेलाल साउथ सिविल लाईन तहसील सदर के दर्जनों लोगों ने अवैध कब्जा हटवाने की मांग को लेकर डीएम दरबार में दस्तक दी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने डीएम उमेश मिश्रा के नाम सौंपे पत्र में बताया कि मौहल्ला बाग प्यारे लाल साउथ सिविल लाईन तहसील सदर के रहने वाले हैं। उक्त रास्ते में सम्राट कॉलेज उर्फ इस्लामिया कॉलेज द्वारा पूर्व की सरकारों में जोर जबरदस्ती करके सरकारी रास्ते पर ही राजनीतिक दखल में अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते दिनों अब उसमें से कुछ हिस्सा गिर गया है, जिसे फिर से अब दोबारा बनाए जाने पर विरोध किया तथा उक्त जगह के कागज मांगे तो उक्त कॉलेज के लोगों ने मौहल्ले वालों को चुप रहने तथा कुछ भी कार्यवाही न करने के लिए धमकी दी। डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में मौहल्ले के लोगों ने कॉलेज के प्रबंधक समेत अन्य लोगों पर कार्यवाही किए जाने के साथ उक्त अपने कच्चे निर्माण को पक्का किए जाने से रोके जाने की मांग की। यही नहीं उक्त कब्जाई भूमि के कब्जे को अपने हाथ से किसी भी स्थिति में नहीं जाने देना चाहते है। इससे पूर्व भी एक रास्ता आर्य समाज रोड से कालोनी के अन्दर आता था जिसे उक्त लोगों द्वारा बन्द करके उस रास्ते पर भी स्थाई अतिक्रमण करके पूर्ण रूप से बन्द कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच कराए जाने के साथ दोषियों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की। इस दौरान दर्जनों मौहल्ले के जिम्मेदार लोग शामिल रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।
साक्षात्कार का समय:-
प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

# गणतंत्र दिवस से जुड़ी तमाम तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

## - डीएम ने नगर में अफसरों की जिम्मेदारी की तय, दिए निर्देश - पूर्व संध्या व 26 जनवरी के कार्यक्रम तय, सौंपी जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में गुरूवार को गणतंत्र दिवस पर्व की तैयारियों को लेकर डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा करने के साथ इससे जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विभागवार सभी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की। जिला पंचायत सभागार में संपन्न बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने पालिका ईओ व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई के साथ-साथ नगर में भी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने बताया कि प्रातः 8.30 बजे प्रभात फेरी नगर में टाउनहाल मैदान से प्रारंभ होकर अंसारी रोड, शिवचौक होते हुए वापस टाउनहाल पर समाप्त होगी। वहीं प्रातः 8.30 बजे स्टेडियम से दौड़ प्रतियोगिता होगी। इसके साथ ही 26 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे सभी सरकारी भवनों पर झंडा अभिवादन एवं संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण तथा राष्ट्रीय गान का गायन किया जाएगा। वहीं प्रातः 9-30 बजे पुलिस लाइन में ध्वजारोहण तथा परेड की सलामी ली जाएगी, जिसमें परम्परागत रूप से सभी अधिकारी मौजूद होने चाहिएं। इसके अलावा प्रातः 10 बजे जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं में ध्वज फहराया जायेगा। वहीं ध्वजारोहण के पश्चात खेल-कूद, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अन्य समारोह आयोजित किये जायेंगे।

प्रातः 11 बजे जिला कारागार में महिला बन्दियों, किशोर बन्दी एवं रोगी बन्दियों को फल वितरण व प्रातः 11 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण एवं दोपहर 12 बजे सम्मिलित मार्च पास्ट, जिनमें पुलिस बैंड, स्कूल बैंड, एनसीसी, होमगार्ड, स्काऊट, गर्ल्स, गाईड व स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। स्वच्छ भारत अभियान, विकास कार्यों, मद्य निषेध, परिवार कल्याण, प्रदूषण नियन्त्रण, कृषि विभाग, वन विभाग, गन्ना अधिकारी, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, दुग्ध विकास, व्यापार मण्डल, स्वयंसेवी संस्था, साक्षरता, डूडा, गन्ना शोध, उद्यान, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग की झांकियां बैनर्स के साथ निकाली जायेंगी। मार्च पास्ट पुलिस लाईन से प्रारम्भ होकर अंसारी रोड होते हुए सरवट रोड चौराहा, शिवचौक होते हुए झांसी की रानी की ओर से टाउन हाल में समाप्त होगा। उन्होंने इस व्यवस्था के लिए नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, डीआईओएस, बीएसए, पालिका के अधिकारियों को बैठक कर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लेने के निर्देश दिए।

इसके साथ अपरान्ह 1.30 बजे कुष्ठ आश्रम में फल वितरण व अपरान्ह 3.30 बजे आम सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर पालिका मैदान में आयोजित होंगे। देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत गाये जाएंगे, जिसमें गुडविल सोसायटी एवं संगीत संस्थाओं व स्थानीय नागरिकों का सहयोग प्राप्त कर किया जाएगा। बैठक में सीडीओ संदीप भागिया, एडीएम ई. नरेंद्र बहादुर सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित एसडीएम एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओम प्रकाश सैनी को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाहपुर, 16 जनवरी (बु.)।** भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा रूबी सैनी के ससुर व ग्राम विकास अधिकारी शिवकुमार सैनी के पिता ओमप्रकाश सैनी को शोकसभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौहल्ला सैनियान में पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी के कैंप कार्यालय पर आयोजित एक शोकसभा में ओम प्रकाश सैनी को आज एक श्रद्धांजलि सभा में पूर्व भाजपा जिलाअध्यक्ष रूपेंद्र सैनी पूर्व सांसद राजपाल सैनी, विधायक पुत्र अनिल बालियान, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, ग्राम प्रधान पलड़ी मोनू सैनी, पूर्व सपा जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, सोनू नामदेव, सुधीर सैनी, सपा नेता सत्येंद्र सैनी लुहारी, सुंदरलाल सैनी, सैनी समाज के अध्यक्ष सतीश सैनी आदि के अलावा सैकडों लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद राजपाल सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र सैनी, पूर्व सपा जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, बुढ़ाना विधानसभा प्रभारी देवव्रत त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल सिंघल भाई जी, पूर्व चेयरमेन शाहपुर परमेश सैनी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अकरम, ग्राम विकास अधिकारी संघ जिला अध्यक्ष हरीश चंद्र, ग्राम प्रधान संघठन ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप त्यागी, ग्राम प्रधानगण नरेंद्र सैनी, मोनू सैनी, नीरज त्यागी, शिवम सैनी, नीरज राठी, जोगिंदर सैनी, रविकांत, मनोज शर्मा, जीतू प्रजापत, सतेंद्र सैनी, शोरों मंडल अध्यक्ष डॉ. सतीश सैनी, सुधीर सैनी, प्रजापत समाज अध्यक्ष सोमपाल प्रजापति, मणिकांत मित्तल, नामदेव समाज अध्यक्ष सोनू नामदेव, पत्रकार सचिन सिंघल, अनुज अग्रवाल, उमेश गोयल, संजय सौदाई, पवन वर्मा, सूचित राठी, नवीन सैनी (भारतीय किसान यूनियन ), भाजपा संघटन विस्तारक बादल सैनी, विकास खण्ड शाहपुर अधिकारीगण, अनुज सैनी उर्फ सिंटू, भंवर पाल कश्यप, महेंद्र कश्यप पलड़ी, मदन सैनी डीलर पलड़ी, प्रदीप त्यागी मुबारिकपुर, सोनू त्यागी डबल, अमन सैनी, रवींद्र सैनी आदि सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# केशवपुरी सरस्वती विद्या मंदिर में जगाई सड़क सुरक्षा की अलख

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** जनपद में निरंतर हो रही सड़क दुर्घटनाओं व जन हानि को रोकने की दिशा में शुरू पहल के बीच गुरूवार को उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वाहन चालकों को इसके प्रति जागरूक किया। इस कड़ी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अहिल्याबाई चौक पर आलाधिकारियों के निर्देश पर इस बीच सड़क सुरक्षा सम्बंधी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरूवार को पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने केशवपुरी में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं अहिल्याबाई चौक पर संपन्न कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. राजीव कुमार ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बीच नाबालिगों से वाहन न चलाने की अपील की, वहीं लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी इंद्रजीत सिंह द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ सुरक्षा के नियमों का पालन करने वाले जागरूक वाहन चालकों को इस बीच फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार एवं डॉ. राजीव कुमार ने इस बीच बालक व बालिकाओं के हित में निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में जारी रखे जाने के लिए लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## चरथावल में लगेगा रोजगार मेला, अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** सेवायोजन कार्यालय एवं चन्द्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज चरथावल के संयुक्त तत्वावधान में एक रोजगार मेले का आयोजन 18 जनवरी को चरथावल में किया जा रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की लगभग दस से बारह कम्पनियां लगभग 1150 विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार व परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इसमें नियोजकों द्वारा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, स्नातक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को टेक्निकल असिस्टेंट, वैलनेस एडवाइजर, असिस्टेंट, फील्ड एक्जीक्यूटिव, सेल्स रिप्रजेन्टेटिव आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। इसमें प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर जॉब सीकर कालम में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सभी अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन कार्ड, समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, फोटो आईडी-बॉयोडाटा लेकर अवश्य आएं। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में जिला सेवायोजन कार्यालय मुजफ्फरनगर में सम्पर्क कर सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# बोर्ड परीक्षा की तैय

## लखनऊ में एचएमपीवी की आशंका में भर्ती बुजुर्ग महिला की मौत

**लखनऊ, 16 जनवरी (एजेंसी)।** निजी अस्पताल से एचएमपीवी संक्रमित होने की रिपोर्ट के बाद 8 जनवरी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाई गई बुजुर्ग महिला की गुरुवार को मौत हो गई। खांसी-जुकाम की दिक्कत के बाद निजी अस्पताल में दिखाने पहुंची वृद्धा की एचएमपीवी जांच रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी। इसके बाद परिवारीजनों ने बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया था। जांच के लिए नमूने केजीएमयू में भेजे गए थे। हालांकि केजीएमयू में हुई जांच के दौरान संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई थी। वहीं, संक्रमण की आशंका के चलते महिला को पहले 11 नंबर वॉर्ड में भर्ती किया गया था। बुजुर्ग महिला को सांस की दिक्कत के साथ ही किडनी, डायबीटीज के साथ ही कई अन्य दिक्कतें थी। हालत बिगड़ने पर 12 जनवरी को आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि सोमवार को हालत गंभीर होने पर महिला को आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है।

## गाजियाबाद में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को कमरे में किया बंद

**गाजियाबाद, 16 जनवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत लोन पास न करने पर गुरुवार को गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को विकास भवन सभागार में बंदी बना लिया। शाम को हुई बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जब तक लोन के आवेदन पास नहीं करोगे, तब तक यहीं रहना होगा। विकास भवन सभागार में बाहर से ताला लगाकर अंदर उनके खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। देर रात तक अगर सभी आवेदन नहीं हुए, तो उनके सोने की भी व्यवस्था वहीं कराई जाएगी। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि बैंकर्स के पास 403 आवेदन भेजे गए थे, जिसमें से 365 आवेदन फारवर्ड भी हो गए, लेकिन महज 50 आवेदन इन्होंने पास किए। जिलाधिकारी के ताला लगाने के बाद तत्काल 11 आवेदन पास किए गए। जिलाधिकारी ने सभी को कमरे में बंदकर उनके खाने-पीने की व्यवस्था कराई है। उन्होंने सभी से कहा है कि वह रात नौ बजे तक एक बार फिर निरीक्षण करने आएंगे, उस समय तक अगर लोन पास हो गए, तो वह घर जा सकेंगे, नहीं तो रात में सोने की भी व्यवस्था कराई जाएगी।

## अपहरण व दुष्कर्म मामले में 10 साल की सजा व 15 हजार का अर्थदंड लगाया

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** गुरूवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने दस साल की सजा व 15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट नम्बर-2 में चल रही थी। एडीजीसी विनय कुमार अरोरा ने बताया कि वर्ष 2021 में छपार थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया आरोपी अमित शाक्या उर्फ रंजीत निवासी गांव बरसुआ थाना ऊझानी जिला बंदायू हाल प्रीति विहार छपरौला जनपद गाजियाबाद ने उसकी नाबालिग भतीजी का अपहरण कर लिया था। उक्त आरोपी ने अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल भी की थी। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट नम्बर-2 के न्यायाधीश अंजनी कुमार सिंह की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने बहस सुनने के पश्चात आरोपी को 10 साल की सजा व 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## रामपुर तिराहा कांड : सरकार बनाम एसपी मिश्रा और ब्रजकिशोर मामले में हुई सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम एसपी मिश्रा और सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में बचाव पक्ष का गवाह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। वही, सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में सीबीआई ने कोर्ट में बहस की। दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 21 जनवरी की तिथि नियत की गयी है। गुरुवार को रामपुर तिराहाकांड से जुड़े सरकार बनाम ब्रजकिशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले की सुनवाई एमपीएमएलए कोर्ट में हुई है। सीबीआई के लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा ने बताया कि सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले बचाव पक्ष की तरफ से गवाह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। वहीं, सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में उनकी तरफ से कोर्ट में बहस की गयी। दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 21 जनवरी की तिथि नियत की गयी है।

## अपनी पुत्री को वापस दिलाने की गुहार लगाने आया गरीब बाप

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** रामराज के गांव सामना निवासी जोगेन्द्र आज एसएसपी के द्वारा अपनी 15 वर्षीया पुत्री को वापस दिलाने की मांग लेकर आया। जोगेन्द्र का कहना है कि उसकी पुत्री को सन्नी पुत्र बिजेन्द्र

निवासी सामना, रामराज योजनाबद्ध तरीके से बहला-फुसलाकर ले गया था, जिसमें सन्नी के साथ-साथ सन्नी मामी मीनाक्षी, पत्नी रोहताश व अजय पुत्र रोहताश द्वारा भी सन्नी को उसकी पुत्री को भगाने में सहयोग किया गया। जोगेन्द्र का कहना है कि यदि पुलिस ने अभी तक मेरी पुत्री को बरामद नहीं किया और उसे आरोपी मीनाक्षी, रोहताश व उसके पुत्र अजय से लगातार फैसले का दबाव बना रहे हैं और कह रहे है कि यदि फैसला नहीं किया तो तेरी बेटी की हत्या कर दी जायेगी। डरे-सहमे जोगेन्द्र ने आज अपनी पुत्री को बरामद करने व आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# सन्नी हत्याकांड में एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा

### चैकिंग के दौरान तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा गया एक अन्य युवक

**खतौली, 16 जनवरी (बु.)।** कार से खींचकर सरेआम लाठी-डंडों से पीटकर सन्नी की हत्या करने वाले एक आरोपी को गुरूवार को पकड़ लिया, जबकि रात्रि में चैकिंग के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है। पुलिस ने दोनों युवकों को जेल भेज दिया है। बता दें कि 31 दिसम्बर को बाइक पर सवार होकर जा रही गांव पलड़ी निवासी दलित समाज के दो युवकों सन्नी और शीलू पर कार सवार लोगों ने खतौली क्षेत्र के गांव याहियापुर में रोकर बीच रास्ते ही लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। इसमें सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसका चचेरा भाई शीलू घायल हुआ था। इस मामले में कार सवार ग्राम प्रधान रमेश पाल के पुत्र और उसके साथियों पर सन्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया था। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ हंगामा किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कई आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली है। ऐसे में कई अभी भी फरार चल रहे हैं, जिनमें से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। खतौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सन्नी हत्याकांड में फरार चल रहे एक आरोपी लक्की उर्फ तुषार पुत्र बृजमोहन निवासी ग्राम तालड़ा को गुरूवार को गणेशपुरी से गिरफ्तार किया गया है। वहीं बीती रात पुलिस चैकिंग के दौरान अंकित पुत्र पप्पू निवासी जाट कॉलेज मवाना मेरठ को एक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों का चालान करते हुए उनको कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया।

# सांसद के घर के निकट 2.5 फीट नीचे धंसा विकास

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** दक्षिणी सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाले बिजनौर सांसद चंदन चौहान की गली में एकाएक सड़क 2.5 फीट नीचे तक धंस गयी। लगभग पांच फीट चौड़ी इस सड़क के आसपास लगभग आठ फीट में दरार भी आ चुकी हैं। विकास की यह तस्वीर देखकर आते जाते लोगों ने सड़क बनाने वाले सम्बन्धित विभाग पर खूब सवाल उठाये और क्षेत्र के लोगों ने कहा कि जब सड़क के ऊपर सड़क बना दी जायेगी और यह तक चैक नहीं किया जायेगा कि सड़क बनाते समय भराव भी कराना है कि नहीं, ऐसे में तो सड़कों का यही हाल होगा। हालांकि उक्त गली बेसक बिजनौर सांसद चंदन चौहान की गली हो, मगर यहां सड़क उनके कार्यकाल से पहले ही बनी हुई है। इस सड़क का बिजनौर सांसद से कोई लेना देना नहीं है। सड़क धंसने के बाद अब तस्वीर साफ होगी कि उक्त सड़क कौन से सभासद अथवा विधायक द्वारा कौन से कार्यकाल में कब बनवाई गयी थी। फिलहाल सांसद की गली में विकास 2.5 फीट नीचे धंसा हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त गली दक्षिणी सिविल लाइन की डीएवी कॉलेज को जाने वाली गली है, जहां माननीय अफसर भी कॉलोनी में निवास करते हैं।

# सैफ अली खान केस में एक आरोपी की हुई पहचान

**मुंबई, 16 जनवरी (एजेंसी)।** अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले के केस में मुंबई पुलिस ने बड़ा दावा किया है। बांद्रा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि एक आरोपी की पहचान कर ली गई है। चोरी के इरादे से आरोपी घुसा था। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के बाद आगे की डिटेल साझा की जाएगी। पुलिस ने कहा कि चोरी के दौरान सैफ अली खान से हाथापाई हुई। सूत्रों ने कहा कि आरोपी सीढ़ी के माध्यम से बारहवीं मंजिल पर पहुंचा, जहां सैफ अली खान रहते हैं। फायर स्केप का इस्तेमाल किया गया। उसने चोरी करने की कोशिश की और सैफ अली खान पर हमला किया और वो फरार हो गया। मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम प्रभादेवी इलाके में गश्त कर रही है। सूत्रों का दावा है कि मुंबई के प्रभादेवी इलाके में संदिग्ध हो सकता है। सैफ पर बुधवार-गुरुवार की रात को ढाई बजे हमला किया गया था। मुंबई के बांद्रा स्थित उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया गया। बीएनएस की धारा 109 (हत्या का प्रयास) के साथ-साथ अन्य संबंधित धाराओं, जिसमें ट्रेस पासिंग भी शामिल है, के तहत बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। सैफ अली खान के हेल्थ पर लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉक्टर नीरज उत्तमानी ने बताया कि उनके शरीर पर कई खरोंच हैं। रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट थी। उन्हें आईसीयू में भर्ती शिफ्ट किया गया है।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ हमलावर का फोटो

# गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी का चुनाव सम्पन्न

### आज चुना जायेगा समिति चेयरमैन

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** गांधी कॉलोनी कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के सात वार्डों के लिए गुरूवार को निर्विघ्न चुनाव सम्पन्न हुआ। उक्त चुनाव में मतदाताओं ने 15 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करते हुए चुनाव से पूर्व ही वार्ड-5 में सरदार सतपाल सिंह की पत्नी बलजीत कौर को निर्विरोध चुन लिया, जबकि वार्ड-9 में उम्मीदवार न मिलने के कारण चुनाव नहीं हो सका। शाम चार बजे तक चुनाव सम्पन्न होने के बाद जब परिणाम आया तो चुनाव में पूर्व चेयरमैन पवन छाबड़ा को जीत हासिल हुई। शुक्रवार को सदस्यों के बहुमत के आधार पर पवन छाबड़ा का चेयरमैन चुना जाना लगभग तय है। सभापति सदस्य चुनाव में वार्ड-01 में पवन कुमार छाबड़ा, वार्ड-02 से ओमप्रकाश, वार्ड-03 से विजय, वार्ड-04 से गुलशन बाठला, वार्ड- 05 से श्रीमति बलजीत कौर, वार्ड-06 से संजीव अरोरा, वार्ड-07 श्रीमति नीलम सिंधी, वार्ड-08 से श्रीमति कांता रानी और वार्ड- 09 उम्मीदवार न होने के कारण कोई नहीं। उक्त सभी अपने-अपने वार्डों में विजयी रहे।

## देर शाम अज्ञात कारणों के चलते आग, सामान जलकर स्वाहा

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** गुरूवार की शाम इमामबाड़े के शरबत वाली गली में एक मकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गयी। नईम पुत्र इदरीश के मकान में एक कमरे में आग लग गयी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना में कोई भी जनहानि या कोई भी घायल नहीं हुआ है, मगर गृहस्वामी का कमरे के अन्दर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। फायर बिग्रेड कर्मियों ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जांच के बाद ही पता चल पायेगा कि आग कैसे लगी। फायर कर्मियों ने बताया कि आग लगने की सूचना देने वाले एकाएक अपना मोबाइल नम्बर बंद कर लिया, जिस कारण फायर कर्मियों को आग लगने के स्थान को ढूंढने में काफी परेशानी हुई। मगर अन्ततः फायर कर्मियों ने आग लगने वाले स्थान का पता लगाकर आग को बुझा दिया।

## गोल मार्किट अतिक्रमण मामले में एक-दूसरे को नीचा दिखाने पर उतारू हुए हिन्दू संगठन

**मुजफ्फरनगर, 16 जनवरी (बु.)।** गुरूवार को शिवचौक व गोल मार्किट के अतिक्रमण पर हिन्दू संगठन एक दूसरे को नीचा दिखाने पर उतारू हो गये। इस क्रम में शिवसेना के मनोज सैनी द्वारा क्रान्ति सेना ललित मोहन पर अभद्र भाषा पर टिप्पणी की गयी। मनोज सैनी का कहना था कि क्रान्ति सेना के जिलाध्यक्ष ललित

मोहन शर्मा द्वारा उनकी शिवसेना के जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा पर विवादित बयान दिया गया था। उसी के चलते आज उन्होंने अपनी बात मीडिया के सामने रखते हुए कहा कि ललित मोहन शर्मा का मानसिक सन्तुलन बिगड़ चुका है, वें हर अच्छे काम में खोट निकालने की कोशिश करते हैं। उनका कहना था कि ललित मोहन शर्मा की मानसिकता ऐसी हो गयी है कि हम बाथरूम के बाद साबुन से हाथ धोने भी जायेंगे तो इसमें भी हमारा कमीशन बतायेंगे। उन्होंने उनकी तुलना जानवर से करते हुए कहा कि भगवान उन्हें सदबुद्धि दे और वें हिन्दू संगठनों के लिए कोई भी अव्यवहारिक टिप्पणी ना करें। शुक्रवार को क्रान्ति सेना की ओर से भी शिवसेना के मनोज सैनी के विरूद्ध मोर्चा खोलने की उम्मीद बताई गयी है।

# हर्षा रिछारिया को रथ पर बिठाने पर फूटा संतों का गुस्सा

**प्रयागराज, 16 जनवरी (एजेंसी)।** महाकुंभ मेला में निरंजनी अखाड़े के छावनी प्रवेश के दौरान एक रथ पर संतों के साथ मॉडल हर्षा रिछारिया के बैठने को लेकर विवाद पैदा हो गया। संत समाज ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। काली सेना के प्रमुख स्वामी आनंद स्वरूप ने इस पर आपत्ति जताई है। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप जी महाराज ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि धर्म को प्रदर्शन का हिस्सा बनाना खतरनाक है और इसे बचना चाहिए। उन्होंने फेसबुक पर लिखा है, 'महाकुंभ मेले में निरंजनी अखाड़े के छावनी में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी जी महाराज से भोजन प्रसाद पर चर्चा हुई। मैंने कहा कि यह कुंभ अखाड़ों को मॉडल दिखाने के लिए नहीं आयोजित है, यह कुंभ जप, तप और ज्ञान की गंगा के लिए है। इसलिए इस कुकृत्य पर आप कार्रवाई कीजिए।' शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा कि जिस तरह एक आचार्य महामंडलेश्वर अपने रथ पर मॉडल को बैठाकर अमृत स्नान के लिए गए, यह अच्छी बात नहीं है। इससे समाज में

गलत संदेश जा रहा है। लोगों की आस्था धीरे-धीरे संतों के प्रति कम हो रही है। श्रद्धालु यहां संगम में स्नान करने के लिए आए थे। उन लोगों ने स्नान किया और अपने-अपने घरों की ओर चले गये। साधु-संत उनकी धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें। शांभवी पीठाधीश्वर ने कहा कि धमार्चार्यों को चाहिए कि वे सनातन को सही मार्ग दिखाएं। सनातन कई तरह का आक्रमण झेल रहा है। अगर हम खुद उस पर हमला करेंगे तो संकट और बढ़ जाएगा। उन्होंने चारों शंकराचार्यों, जूना अखाड़ा के संरक्षक स्वामी हरि गिरि, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी एवं तमाम धमार्चार्यों से अनुरोध किया कि वे लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले कथित साधु-संतों के खिलाफ कार्रवाई करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो साधु-संतों के प्रति लोगों की आस्था कमजोर हो जाएगी। संपर्क करने पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा, 'यह मुद्दा पिछले दो तीन दिन से चर्चा में है। वास्तव में वह (रिछारिया) उत्तराखंड से हैं और वह हमारे अखाड़े के एक महामंडलेश्वर से दीक्षा लेने आई थीं। वह मॉडल हैं और सोशल मीडिया में सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने रामनामी वस्त्र पहने थे।' उन्होंने कहा, 'हमारी परंपरा है कि जब सनातन का कोई आयोजन होता है, हमारे युवा भगवा पहनते हैं। यह कोई अपराध नहीं है। हमारे यहां परंपरा है कि कोई एक दिन, पांच दिन, सात दिन के लिए साधू होता है। इस युवती ने निरंजनी अखाड़े के एक महामंडलेश्वर से दीक्षा ली थी। वह सन्यासिन नहीं बनी है और उसने भी कहा है कि वह सन्यासिन नहीं है और केवल मंत्र दीक्षा ली है। वह रथ पर बैठी थीं और लोगों ने उसे निशाना बनाना शुरू कर दिया।ह्व मंत्र दीक्षा का एक उदाहरण देते हुए महंत रवींद्र पुरी ने कहा, ह्लओम नमः शिवाय जैसे मंत्र कान में दिए जाते हैं।

## आस्था की डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे गुरु सद्गुरू जग्गी वासुदेव

**प्रयागराज, 16 जनवरी (एजेंसी)।** संगमनगरी में आस्था का जनसैलाब उमड़ा है। जहां साधु-संत बड़ी संख्या में पहुंचे हुए हैं। वहीं अब भी कई साधु-संत महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव भी महाकुंभ में पहुंचे, जहां उन्होंने कहा, महाकुंभ एक सभ्यता है, जिससे आपको चुकना नहीं चाहिए। खासकर अगर आप भारत में पैदा हुए हैं तो आपको महाकुंभ में जरूर शामिल होना चाहिए। आगे गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने कहा, आप धार्मिक हो या नहीं, आप आध्यात्मिक हो या नहीं, आप मुक्ति चाहते हो या नहीं. आप कोई भी हों, आपको महाकुंभ में जरूर शामिल होना चाहिए। यह एक ऐसी घटना है, जो 8000-10,000 वर्षों से चली आ रही है।

## महाकुंभ में शाही स्नान पर पुष्प वर्षा के लिए नहीं मिला हेलीकॉप्टर, हैरिटेज एविएशन के सीईओ समेत तीन पर एफआईआर

**महाकुंभ नगर, 16 जनवरी (एजेंसी)।** दिव्य और भव्य महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पर पुष्प वर्षा के लिए पहले से अनुबंधित हेलीकॉप्टर नहीं मिला। फर्म ने हेलीकॉप्टर को बिना सूचना दिए और अनुमति लिए प्रयागराज से अयोध्या भेज दिया। इसके चलते सरकार को दूसरे हेलीकॉप्टर की व्यवस्था कर स्नानार्थियों पर पुष्प वर्षा करवानी पड़ी। इस मामले में मेसर्स हैरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड पर शर्त का उल्लंघन करने और सरकारी कार्य में व्यवधान का आरोप लगाते हुए महाकुंभ नगर के कोतवाली थाने में मुकदमा लिखा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के सिविल एविएशन के विभाग के परिचालन प्रबंधक कैप्टन पी. रमेश की लिखित शिकायत पर फर्म के सीईओ रोहित माथुर, प्रबंधक परिचालन परम और कैप्टन पुनीत खन्ना को नामजद किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेले का आयोजन हो रहा है। इस दौरान प्रत्येक अमृत (शाही) स्नान में पुष्प वर्षा कराए जाने के लिए मेसर्स हैरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड से उनके हेलीकॉप्टर को 13 और 14 जनवरी के लिए शर्तों व प्रतिबंधों के साथ सेवा प्राप्त करने के लिए अनुबंध किया गया था। तब फर्म द्वारा प्रयागराज में अपना एक हेलीकॉप्टर एयरबस एच130टी2 पोजीशन कराया गया, लेकिन निदेशालय को बिना किसी सूचना/अनुमति के अपने किसी अन्य कार्य के लिए हेलीकॉप्टर को अयोध्या भेज दिया गया है। जो अनुबंध की शर्तों एवं प्रतिबंधों का उल्लंघन है। फर्म के इस कृत्य से शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हुआ, जो किसी भी प्रकार से अक्षम्य है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लिखित शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत विवेचना की जा रही है। बता दें कि महाकुंभ का प्रथम अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति के बाद अब मेला प्रशासन प्रदेश सरकार की मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या की महातैयारी में जुटेगा। इसके बाद मंत्रिमंडल की बैठक की तैयारी की है। पहले कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को प्रस्तावित थी, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद मेला प्रशासन मौनी अमावस्या स्नान पर्व को प्राथमिकता देगा। मौनी अमावस्या के बाद ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी आएंगी। उनके आगमन की प्रस्तावित तिथि अभी 10 फरवरी है।

# इसरो ने सफलतापूर्वक पूरा किया स्पैडेक्स मिशन, भारत बना अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश

**बेंगलुरु 16 जनवरी (वार्ता)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) के तहत अपना पहला अंतरिक्ष डॉकिंग मिशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। भारत इस ऐतिहासिक सफलता से अमेरिका, रूस और चीन के बाद इस तकनीकी मील के पत्थर को हासिल करने वाला विश्व स्तर पर चौथा देश बन गया है। इस डॉकिंग प्रक्रिया में अंतरिक्ष यान को 15-मीटर होल्ड पॉइंट से 3-मीटर होल्ड पॉइंट तक सही तरीके से संचालित करना शामिल था। डॉकिंग प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक क्रियान्वित किया गया, जिससे अंतरिक्ष यान का सफल मिशन सुनिश्चित हुआ। इसरो ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''अंतरिक्ष यान डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई, एक ऐतिहासिक क्षण।'' अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने इतिहास रचने वाली इसरो की टीम को बधाई दी है। यह अभूतपूर्व सफलता अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में इसरो की विशेषज्ञता को रेखांकित करती है। इसरो के अधिकारियों ने टीम को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसरो ने कहा, ''पूरी टीम को बधाई! भारत को बधाई।''



## मानहानि मामले में आतिशी और संजय सिंह को नोटिस जारी

**नई दिल्ली, 16 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख सामने आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी और भी तीखी होती जा रही है। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा सभी दलों के नेता एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस बीच चुनाव से पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और AAP के सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दरअसल, राउज ऐवन्यू कोर्ट ने आतिशी और संजय सिंह को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी किया है। बता दें कि ये मामला कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से जुड़ा हुआ है। दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित द्वारा दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता संजय सिंह के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मामले में आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने आपराधिक मानहानि के मामले में आतिशी और संजय सिंह से उनका जवाब मांगा है। दरअसल, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित दिल्ली विधानसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित को चुनाव प्रचार के लिए बीजेपी ने फंडिंग की है। इसके खिलाफ संदीप दीक्षित ने आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था। कोर्ट ने आतिशी और संजय सिंह से जवाब मांगा है और 27 जनवरी को अगली सुनवाई की तारीख रखी है। दिल्ली विधानसभा का चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। यहां आम आदमी पार्टी, भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला है। कांग्रेस भी पूरे दमखम से चुनाव मैदान में उतर रही है। दिल्ली में 70 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव एक ही चरण में संपन्न कराया जाएगा। चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग 5 फरवरी 2025 की तारीख को होगी।

# महाकुंभ में ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर आया सिपाही लोकेंद्र, दोपहर में हुई सगाई और शाम को मिली बॉडी

**बिजनौर, 16 जनवरी (एजेंसी)।** बिजनौर के अफजलगढ़ के रहने वाले पीएसी जवान की लाश मिली है। पीएसी जवान का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है। जवान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक सिपाही के हाथ पीछे रस्सी से बंधे हुए थे और उसकी लाश पेड़ से लटकी हुई थी। बता दें कि जिस दिन जवान की लाश मिली, उसी दिन सुबह के समय सिपाही की सगाई हुई थी। परिजनों का कहना है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। बता दें कि मृतक सिपाही लोकेंद्र प्रयागराज महाकुंभ से ड्यूटी करके घर आया था। मिली जानकारी के मुताबिक, बिजनौर के अफजलगढ़ के गांव भागीजोत निवासी सिपाही लोकेंद्र वर्तमान में मुरादाबाद की नौवीं बटालियन पीएसी में तैनात था। वर्तमान में उसकी प्रयागराज कुंभ में ड्यूटी चल रही थी। सगाई के लिए वह 3 दिन की छुट्टी लेकर घर आया था। कल दोपहर में उसकी सगाई की रस्म हुई। 14 फरवरी के दिन शादी की तारीख तय हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, सगाई का कार्यक्रम खत्म होने के बाद सिपाही लोकेंद्र किसी काम के लिए निकला था। मगर वह वापस घर नहीं लौटा। शाम के समय उसका शव उसके अपने ही खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला। उसके हाथ पीछे की तरफ से बंधे हुए थे। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बता दें कि मौके पर एसपी अभिषेक झा भी पहुंच गए और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने मौके की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिवार का कहना है कि बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। परिवार ने इंसाफ की मांग की है। इस पूरे मामले पर एसपी अभिषेक झा ने बताया कि मृतक की जेब से एक नोट भी मिला है। नोट में लिखा है कि वह 2-3 महीनों से काफी परेशान चल रहा है। नोट में लिखा हुआ है कि उसके परिजनों को परेशान नहीं किया जाए। मामले की सभी एंगल से जांच की जा रही है। सिपाही के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रयागराज में भाजपा नेता को थाने में जमकर पीटा; 3 दारोगा समेत 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**प्रयागराज, 16 जनवरी (एजेंसी)।** तीर्थराज प्रयागराज में सत्ताधारी दल भाजपा के एक नेता के साथ पुलिस ने बदसलूकी की। जमीन के एक मामले की जानकारी करने जब भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज पासी झूंसी थाने पहुंचे तो उनके साथ पुलिस वालों की पहले हॉट-टॉक हुई। फिर पुलिस वालों ने उनको इतनी बेरहमी से मारा कि वो बेहोश हो गए। बाद में उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इस पर पुलिस कमिश्नर ने 3 दरोगा और एक हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया। दरअसल, भाजपा नेता के भाई अपनी जमीन पर बाउंड्रीवॉल करा रहे थे। उसी जमीन पर एक व्यक्ति ने अपना दावा ठोक दिया। पुलिस में शिकायत कर दी कि यह जमीन मेरी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। बुधवार को भाजपा नेता मनोज पासी थाने बुलवाया गया। जब वह थाने गए और काम रुकवाने के पीछे की वजह जाननी चाही तो पुलिस कर्मियों से हॉट टॉक हो गई। भाजपा नेता ने काम शुरू कराने को कहा तो पुलिसकर्मी भड़क गए। उन्हें इतना मारा कि वो बेहोश हो गए। जब उन्हें होश आया तो थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। भाजपा नेता ने पिटाई से आहत होकर शर्ट उतार दी और लोगों को चोट दिखाई। भाजपा नेता की चोट का वीडियो भी लोगों ने बनाया और वायरल कर दिया। थोड़ी देर में बड़ी संख्या में भाजपा नेता व समर्थक पहुंच गए। मनोज पासी की पत्नी सन्नों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र दिया। इसके